तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

12 नैसर्गिक पर्यटन विकास अध्ययन के लिए...

14 गुहा निषादराज जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा




## कार्रवाई : बगैर डीओ के किया जा रहा था परिवहन, ड्राइवर से की गई पूछताछ

# खरतोरा सोसायटी से धान का अवैध परिवहन पिकअप में लदा 81 कट्टा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

खरतोरा धान खरीदी केंद्र में धान के अवैध परिवहन का मामला सामने आया है। समिति प्रबंधन के प्राधिकृत अधिकारी हिमांशु वर्मा एवं सोसाइटी प्रबंधक अशोक भारद्वाज की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार सुबह ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ, जब सोसायटी के सामने धान से लदी पिकअप गाड़ी संदिग्ध हालत में खड़ी मिली।

ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि प्रभारी सोसायटी प्रबंधक अशोक भारद्वाज द्वारा बिना डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) कागजात के ही धान को श्री राम राइस मिल राइस मिल भेजने की कोशिश की जा रही थी, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है।

प्रशासन की कार्रवाई के दौरान 81 कट्टा धान से लदी पिकअप को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। एसडीएम दीपक निरकुंज के निर्देश पर धान और वाहन को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।



### चालक ने किया खुलासा

मामले में एक और बड़ा खुलासा तब हुआ जब पिकअप चालक संतराम साहू गाड़ी मालिक प्रीतम साहू से पूछताछ की गई। चालक ने बताया कि उसे कुल 220 कट्टा धान सोसायटी प्रबंधक के कहने पर मिल तक पहुंचाने के लिए कहा गया था। उसमें से आधा धान उसकी गाड़ी में लोड था, जबकि बाकी धान दूसरी गाड़ी में लोड किया जाना था।

### फूड इंस्पेक्टर की कार्रवाई में वाहन-धान जब्त

फूड इंस्पेक्टर साहू ने स्पष्ट किया कि बिना आदेश प्रति (डीओ) के सोसायटी से धान का परिवहन पूरी तरह अवैध है। मौके पर पंचनामा तैयार कर धान और वाहन को जब्त करते हुए सुपुर्द किया गया है।

### मामले की होगी गहन जांच

प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों में आक्रोश

इस पूरे घटनाक्रम ने सहकारी समिति के कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।
इस मैटर की हेंडिंग बनाएं



### गड़बड़ी पाई गई है

सुबह ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर मौके पर जांच के लिए संबंधित अधिकारी को भेज दिए थे। मामले में गड़बड़ी पाई गई। छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।
-दीपक निरकुंज, एसडीएम

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## पुलिस की छापामार कार्रवाई

# चखना सेंटर के 4 संचालकों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल



क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कसडोल पुलिस ने नगर के होटलों, ढाबों, ठेलों और अवैध चखना सेंटरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

बीते 23 मार्च को कसडोल पुलिस ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की टीम ने शराब भट्टी के आसपास अवैध रूप से चखना बेचने वाले, ऐसे होटल और ठेले जहाँ ग्राहकों को अवैध रूप से शराब पीने और बैठने की सुविधा दी जा रही थी, सरेराह शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोग शामिल हैं।

पुलिस ने इस छापेमारी के दौरान 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें अमित कुमार चौहान 28 वर्ष निवासी ग्राम दर्रा, सोमनाथ पैकरा 25 वर्ष निवासी कसडोल, किशन कर्ष 24 वर्ष निवासी ग्राम मोहतरा और राहुल यादव 26 वर्ष ग्राम चरौदा, थाना कसडोल निवासी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है।

## सोखता गड्ढा निर्माण के लिए पंचायतों ने किया श्रमदान

**बलौदाबाजार।** मोर गांव, मोर पानी महाभियान 2.0 अंतर्गत जिले में जल संचयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 मार्च से वृहद श्रमदान से सोखता गड्ढा निर्माण का आयोजन ग्राम पंचायतों में किया गया। यह कार्यक्रम 28 मार्च तक चलेगा। सोखता गड्ढा निर्माण हेतु जनप्रतिनिधियों, अधिकारी -कर्मचारी, जल संचय वाहिनी सहित ग्रामवासियो ने श्रमदान किया। स्कूल, आंगनबड़ी केन्द्र, पंचायत कार्यालय एवं पीएम आवास के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान जल संचयन के लिये लोगों को जागरूक करने दीवार लेखन, रैली, नुककड़ नाटक, शपथ आदि कार्यक्रम भी ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता रूपेश ठाकुर का असम में निधन, पूर्व सीएम बघेल हुए रवाना

**बलौदाबाजार।** समाज एवं राजनीति के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रूपेश ठाकुर का हृदयाघात से निधन हो गया। वे कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर असम चुनाव के सिलसिले में गोहाटी प्रवास पर थे, जहां अचानक हृदयाघात आने से उनका निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक है। स्व. रूपेश ठाकुर तीन बार पार्षद रह चुके थे और उन्होंने युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शहर कांग्रेस अध्यक्ष, एनएसयूआई अध्यक्ष तथा डीके कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए समाज सेवा ▶▶ शेष पेज 12 पर



## व्यवहार न्यायालय का न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार जैन ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

व्यवहार न्यायालय भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का जीतेन्द्र कुमार जैन प्रधान जज रायगढ़ निरीक्षण करने पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान अभिभाषक संघ भटगांव के अध्यक्ष फिरितलाल खटकर ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और विभिन्न मांगों को रखा।

निरीक्षण के दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष फिरीत लाल खटकर, पुष्पा गुप्ता, सुमन तेंदुलाने, अरुणा यादव, सुनीता प्रधान, नरसिंह साहू, प्रभु साहू, विक्रम आदित्य, रूपेंद्र केशरवानी, गेंदराम निराला, जितेंद्र कुमार निराला, रोहित बघेल, जय कुमार टंडन, यशपाल सिंह, जीवन लाल कुर्रे, आरके पांडे, भूषण श्रीवास बनवारी लाल यादव, रोशन सिदार सहित सभी अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### अभिभाषक संघ द्वारा मांग पत्र सौंपा गया

निरीक्षण में मुख्य रूप से न्यायालय भवन निर्माण कार्य में देरी के लिए अधिकारी पीडब्ल्यूडी इंजीनियर को जल्द बनाने के निर्देश दिए। फिर न्यायालय में निरीक्षण किया गया और निर्देश दिए, जहां अभिभाषक संघ भटगांव के अध्यक्ष फिरितलाल खटकर ने जीतेन्द्र कुमार जैन प्रधान, जज पुनीतराम गुरुपंच न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी भटगांव एवं विकसन डेविड लकड़ा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रथम श्रेणी सारंगढ़ मजिस्ट्रेट व कर्मचारी पेयजल नकल शाखा न्यायालय भटगांव में जिला न्यायालय भटगांव में रखने के लिए मांग पत्र सौंपा।

## दुर्ग-हटिया-दुर्ग 2 अप्रैल से नियमित चलेगी



**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस स्पेशल ट्रेन का नियमितीकरण कर इसे अब 18641/18642 हटिया–दुर्ग–हटिया एक्सप्रेस के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है। नियमितीकरण होने के बाद यह गाड़ी नए नंबर 18641 हटिया-दुर्ग, द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस, हटिया से दुर्ग के लिये प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 2 अप्रैल से तथा 18642 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 3 अप्रैल से चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में राउरकेला, ▶▶ शेष पेज 12 पर


■ नियमितीकरण होने की तिथि से यह गाड़ी 18641/1864 2 नंबर के साथ चलेगी




## आज बलौदाबाजार जिले के कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम

# सीएम भूमिहीन परिवारों को देंगे करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को प्रदेशभर के 4 लाख 95 हज़ार 965 भूमिहीन हितग्राहियों को 495 करोड़ 96 लाख की सौगात देंगे। बलौदाबाजार स्थित पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय डीबीटी के माध्यम सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राजयसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को मिलेगी धनराशि

### मंत्री टंकराम ने की कार्यक्रम की समीक्षा



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 25 मार्च को बलौदाबाजार पहुंचेंगे। पं. चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम में आगमन को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा उपस्थित थे। राजस्व मंत्री ने कहा कि यह आयोजन राज्य स्तरीय है, उसी के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो। बैठक व्यवस्था, प्रवेश, अतिथियों का स्वागत सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### मांठ में भागवत कथा जारी

**खरोरा।** ग्राम मांठ में जनपद पंचायत तिल्दा की उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा के निवास पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन जारी है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक पं. राजेश कृष्ण ने भागवत के अष्टम, नवम एवं दशम स्कंध का विस्तार से वर्णन किया। अष्टम स्कंध के अंतर्गत समुद्र मंथन, गजेंद्र मोक्ष, भगवान विष्णु के वामन अवतार तथा मन्वंतरों की कथाओं के माध्यम से ईश्वर की शरणागति और उनकी करुणा का महत्व बताया गया। वहीं नवम स्कंध में सूर्यवंश और चंद्रवंश के राजाओं के साथ भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन किया गया।

### रामनवमी पर शहर में निकाली जायेगी शोभायात्रा

**सिमगा।** नगर में इस वर्ष भी श्रीराम नवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हिंदू संगठन और समस्त सनातनियों की ओर से आयोजित है। श्री राम सेना के जिलाध्यक्ष गगन शर्मा ने बताया कि 25 मार्च की रात 8 बजे भजन सम्राट विवेक शर्मा रात्रि जगराता में माता के गीत प्रस्तुत करेंगे। जगराता का आयोजन पुलिस थाना के पीछे मिनी स्टेडियम में आयोजित है। 26 मार्च को राधाकृष्ण मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन होगा। इसके बाद भंडारा का वितरण किया जाएगा। 27 मार्च को शाम 5 बजे से राधाकृष्ण मंदिर से विशाला शोभायात्रा निकलेगी। शर्मा ने बताया कि इस बार के शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की मूर्ति और रामदरबार खास होगा।



# अंचल के देवी मंदिरों में मां दुर्गा की भक्ति जारी

## चैत्र नवरात्रि में भक्तों की आस्था चरम पर, मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि की धूम है। देर रात तक भक्त दर्शन-पूजन करने पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े देवी मंदिर आस्था की ज्योति से जगमगा रहे हैं। मंदिरों व घरों में शंख, घड़ियाल की धुन के बीच सुबह-शाम आरती हो रही है। भक्तों द्वारा देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई है। साथ ही घरों में भी जवारा बोया गया है।नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां और मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है।



### पंचमी तिथि पर माता का विशेष श्रृंगार

भक्त नवरात्रि के नौ दिनों तक व्रत भी रखें हैं और पारण के साथ इसका समापन करेंगे। पंचमी तिथि के दिन माता का विशेष श्रृंगार किया गया। देवी मंदिरों में विशेष श्रृंगार के साथ पूजा-अर्चना हुआ। इस दिन स्कंदमाता की पूजा हुई। पंचमी तिथि पर कलश के ऊपर कलश चढ़ाया गया। देवी का पंचरंग श्रृंगार किया गया। उल्लेखनीय है कि पंचमी के दिन प्रधान कलशा के ऊपर कांसे का लोटा रखकर ज्योति को ऊपर उठाया जाता है। इसे देवी का श्रृंगार माना जाता है। जवारा निकलकर ज्योति की बत्ती तक न पहुंचे, इसलिए कलश के ऊपर कलश चढ़ाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता को माला, साड़ी, लाल चुनरी, ध्वजा, आभूषण आदि श्रृंगार सामाग्री भी चढ़ाए। वहीं आज से श्रृंगार पचरा सेवागीत का गायन भी शुरू हो गया। जहां भक्त देवी-देवता का रूप लेकर झूपते नजर आए।

### जंवारा व कलश चढ़ाया गया



**खरोरा।** शारदीय नवरात्रि पर्व में पंचमी में मां शीतला, महामाया मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया तथा जंवारा व कलस चढ़ाया गया। माता को श्रृंगार के रूप में चूड़ी, सिंदूर, साड़ी आदि सामग्री चढ़ाई गई, जिसमें श्रद्धालुगण उर्मिला साहू, तोलेंद्र साहू, किशोर साहू, आकांक्षा साहू व सभी लोग श्रद्धालुगण माता के दर्शन किए।

## जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों का अवलोकन

# नैसर्गिक पर्यटन विकास अध्ययन के लिए समितियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला वनमण्डल के विभिन्न ग्रामों के पारिस्थितिकी विकास समिति और संयुक्त वन प्रबंधन सदस्यों का आजीविका और नैसर्गिक पर्यटन विकास संबधी शैक्षणिक भ्रमण हुआ। 19 से 21 मार्च तक आयोजित इस दौरे में वनांचल क्षेत्र के कृषकों, गाइड्स और समिति सदस्यों ने छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों के प्रमुख वन्यजीव क्षेत्रों का अध्ययन किया।






कांगेर घाटी टाइगर रिजर्व में प्रतिभागियों ने यहां जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों का बारीकी से अवलोकन किया। इसके साथ ही, कांगेर घाटी टाइगर रिजर्व में नैसर्गिक पर्यटन प्रबंधन और समुदाय आधारित पर्यटन मॉडल को समझा गया। डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य (ओडिशा) में प्रतिभागियों के दल ने वन्यजीव संरक्षण, संवर्धन और ईको-टूरिज्म के सफल मॉडलों का अध्ययन किया। सदस्यों ने सीखा कि कैसे पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व (मध्यप्रदेश) में भ्रमण में ग्रामीणों ने विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व के पर्यटन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण की कार्यप्रणाली को देखा। यहां उन्होंने संरक्षण और पर्यटन के बीच बेहतर संतुलन बनाने के गुर सीखे।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों और गाइडों को अन्य सफल क्षेत्रों के 'बेस्ट प्रैक्टिसेज' से अवगत कराना था। इससे प्राप्त अनुभवों का उपयोग अब बारनवापारा और बलौदाबाजार के अन्य वन क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, उन्नत कृषि और बेहतर पर्यटन सेवाओं को विकसित करने के लिए किया जाएगा।भ्रमण से लौटे सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस यात्रा से उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और स्वरोजगार के नए तरीकों को समझने में बहुत मदद मिली है।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर कहा कि यह शैक्षणिक यात्रा वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अवसर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भ्रमण से प्राप्त अनुभवों के आधार पर सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाएंगे और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगे।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को कैंडल जलाकर किया नमन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शहीद दिवस पर नगर के भगत सिंह चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां देश के लिए शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भगत सिंह चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजन नगरवासियों ने शहीद भगत सिंह के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। सौंदर्यीकरण के बाद चौक का नया स्वरूप आकर्षक एवं प्रेरणादायक नजर आ रहा है, जो युवाओं में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करेगा।इस अवसर पर डॉ आर के अग्रवाल को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । श्रद्धांजलि सभा में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान हमें देश के लिए जीने और कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। शहीद दिवस केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि शहीदों ने जिस साहस और त्याग का परिचय दिया, वह आज भी हर भारतीय के लिए मार्गदर्शन है।

### शहीदों के बलिदान से लें प्रेरणा

वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि शहीदों का जीवन हमें सिखाता है कि देश हित सर्वोपरि है। नई पीढ़ी को उनके संघर्ष और बलिदान से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने शहीदों को नमन करते हुए युवाओं को शहीदों के आदर्शों पर चलने की अपील की। आयोजन का संचालन पूर्व पार्षद ताजेंद्र कन्नौजे ने किया, आभार प्रदर्शन एवं आयोजन वार्ड पार्षद डोमार वर्मा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, बृजमोहन साहू पार्षदगण लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, नारायण धीवर, लोकेश्वरी पुनीत निषाद, मंजू कृष्णा देवांगन, घनश्याम धीरहे, भोला वर्मा, रवि ध्रुव, ताजेंद्र कनौजे, मनोज वर्मा, राजेंद्र साहू, जगदीश पटेल, विक्रम राय, उमाशंकर साहू, पंचू वर्मा, तुका वर्मा, तेजराम बांधे, सुरजीत साहू सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# खेल एकजुटता और मित्रता का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

एपीएल अपोलो फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम केसदा में किया गया। सीएसआर मद से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हायर सेकंडरी स्कूल की रॉयल चैलेंजर टीम विजेता रही।

वहीं टाइटन क्लब ने उप विजेता का खिताब प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल शेटे एस डीएम सिमगा ने खिलाड़ियों से कहा खेल हमें एकजुटता और मित्रता सिखाती है। अपोलो संयंत्र प्रबंधक संतोष राय ने कहा कि असफलता यह सिद्ध करती है कि सफलता के लिए संपूर्ण प्रयास नहीं किया गया। खेल हमें स्वस्थ मनोरंजन के साथ ही अच्छा स्वास्थ्य भी प्रदान करता है तथा एक जुट होकर सफलता के लिए प्रयास करना भी सिखाता है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ संयंत्र प्रबंधन शरद नायडू तथा केसदा सरपंच शिव तुरकाने ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन के अध्यक्ष घनश्याम निर्मलकर, प्राचार्य निजाम वर्मा, संजू निर्मलकर, रिंगनी उप सरपंच भागवत वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### सोखता गड्ढा निर्माण...

आयोजित किये जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जिले में अभियान चलाया जा रहा है।

### दुर्ग-हटिया-दुर्ग....

झारसुगुड़ा, रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, भाटापारा एवं रायपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। इस गाड़ी में 5 सामान्य, 1 एसएलआरडी, 1 एसी-3, 1 एसी-2, 6 शयनयान तथा जनरेटर कार सहित कुल 15 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### कांग्रेस नेता रूपेश...

में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके सरल स्वभाव, सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जैसे ही उनके निधन की सूचना मिली, वे गोहाटी के लिए रवाना हुए, जहां आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है और लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

### सीएम भूमिहीन परिवारों ....

कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में सीधे 10 हज़ार रुपये की धनराशि प्रत्येक हितग्राही के मान से अंतरित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार की राशि का प्रावधान किया गया है। इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला अंतर्गत कुल 23568 हितग्राही शामिल हैं, जिन्हें 23 करोड़ 56 लाख से अधिक की धनराशि मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय करीब 50 हितग्राहियों को विभिन्न योजना अंतर्गत सामग्री एवं चेक वितरित करेंगे। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 13 समूहों को 15 लाख रुपए का चेक,मछली पालन विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को महाजाल व आइस बॉक्स,10 हितग्राहयों को स्वामित्व कार्ड, कृषि विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को स्प्रेयर पम्प वितरण शामिल हैं। कार्यक्रम स्थल में प्रवेश हेतु 4 गेट बनाए गए हैं। इसमें मिनीमाता कॉलेज गेट की ओर वीआईपी प्रवेश द्वार है जो मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में लिये हैं। हितग्राही एवं आम लोगों के लिये नगर पालिका रोड में दो एवं पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल परिसर से एक प्रवेश द्वार बनाए गए हैं।

कसडोल अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन दशहरा मैदान एवं नगर भवन में पार्क होगी। इसी तरह पलारी अनुभाग की ओर से आने वाले वाहन ऑडिटोरियम एवं पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्कूल परिसर में, भाटापारा एवं सिमगा अनुभाग की ओर से आने वाली वाहन एसपी बंगला आस-पास व मारुती रेस्टोरेंट, बलौदाबाजार व लवन तहसील अंतर्गत वाहन तहसील कार्यालय बलौदाबाजार, जनपद कार्यालय एवं साहू समाज सामुदायिक भवन के पास पार्क करेंगे।

### आज आयेंगे मुख्यमंत्री

सुनिश्चित होनी चाहिए, किसी प्रकार की कमी न हो। इसी तरह सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था को भी चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य मंच सहित ग्रीन रूम, विभागीय स्टॉल, कला जत्था स्थल आदि का निरीक्षण किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने वीआईपी, मीडिया, हितग्राही बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, हेल्थ कैम्प, वीआईपी एवं सामान्य प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग, कार्यक्रम स्थल की रूट हेलीपेड की तैयारी से सम्बधित जानकारी दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम प्रकाश कोरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007

## खबर संक्षेप



### ध्रुव समाज का आदर्श विवाह 28 व 29 मार्च को

भाटापारा। ग्राम मोपका में आदिवासी ध्रुव समाज की बैठक में 28 व 29 मार्च को आदर्श विवाह आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 23 जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे। यह जानकारी मोपका ध्रुव समाज अध्यक्ष संतराम ध्रुव व लीला राम ध्रुव ने जानकारी दी।

### रामनवमी पर भंडारा 26 मार्च को

भाटापारा। नगरपालिका परिसर स्थित महाकाल मंदिर में राम नवमीं पर विशेष भंडारा का आयोजन 26 मार्च को रखा गया है। महाकाल मंदिर समिति के सदस्य दिनेश यादव (डी के यादव) ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष होता है। सुबह महाकाल की आरती के बाद दोपहर पूजन बाद भंडारा प्रारंभ होगा। डी के यादव ने सभी भक्तों को शामिल होकर सफल बनाने अपील की है। वहीं उनके द्वारा बताया गया देर शाम भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है।

### राज्य सरकार के विधेयक का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

पलारी। भर्ती और व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, नकल की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ लोक भर्ती एवं 2 व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित



साधनों की रोकथाम विधेयक 2026 और छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधायक को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस विधेयक के पारित होने का स्वागत पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सनकुमार साहू ने किया है। उन्होंने कहा इस विधेयक से राज्य में परीक्षा संबंधी अनियमितताओं की रोकथाम होगी, जिससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। यह कानून छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग व्यापम एवं विभाग की परीक्षाओं पर भी लागू रहेगा।

### साहू भवन में कर्मा माता प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



गोपालपुर। साहू समाज भवन में संत कर्मा माता प्रतिमा की प्रमाण प्रतिष्ठा की गई। इसमें पं. नंद कुमार दुबे ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा के कार्य को अंतिम रूप दिया और अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भागवत साहू, उपाध्याय सोनाऊ साहू एवं राम नारायण साहू, डॉ. टेक लाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, राम दयाल साहू पूर्व सरपंच, बिशेषर साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष, पं. सुरीत राम साहू, सेवक साहू, फिरत राम यादव, फिरंगी साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निधन

### भरत लाल वर्मा

भरुवाडीह/सैहा/गुमा। ग्राम



पंचायत गुमा निवासी 70 वर्षीय भरत लाल वर्मा का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे प्रमोद के पिता व कविता और हरिश के दादा थे।

### रामकुमार वर्मा

भाटापारा। निपानिया निवासी 70



वर्षीय रामकुमार वर्मा का 24 मार्च को निधन हो गया। उनका मिट्टी कार्यक्रम ग्राम निपानिया में हुआ। वे गोपी, पूनम वर्मा के पिताजी थे।

# मनवा कुर्मी समाज के सदस्यों ने तुरतुरिया माता का दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नवरात्रि पर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा तुरतुरिया माता दर्शन एवं पूजन-अर्चन हेतु विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बलौदाबाजार नगर प्रमुख हेमंत टिकरिहा ने किया, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुनीत राम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज के विकास में सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और धार्मिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सामूहिक पूजा-पाठ एवं यज्ञ का लाभ पूरे समाज को प्राप्त होता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए नगर प्रमुख हेमंत टिकरिहा एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने की अपेक्षा व्यक्त की।इस अवसर पर पूर्व नगर प्रमुख दव्य नरसिंह वर्मा, तामेश्वर वर्मा, ताराचंद धुरंधर, भिनेश्वर वर्मा, माखन वर्मा, बालाराम वर्मा, राम कुमार टिकरिहा, योगेश वर्मा, भोला टिकरिहा, मनीष सिरमौर, अरुण वर्मा, उदय राम बघमार, शेष नारायण टिकरिहा सहित महिला प्रमुख सरिता नायक, सुमन वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्राणिता कश्यप, सुशीला वर्मा, कुसूम वर्मा, अनसुईया वर्मा, निर्मला वर्मा, एकता टिकरिहा, पूर्णिमा वर्मा, अंजली नायक, राशि टिकरिहा सहित नगर एवं क्षेत्र के अनेक सामाजिकजन उपस्थित थे।

### माता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं की बस रवाना

#### भक्ति से गूंजा मंगल भवन

कार्यक्रम की शुरुआत बलौदाबाजार स्थित कुर्मी मंगल भवन से हुई, जहां छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने माता रानी की जयकारों के बीच श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।



#### समाज कल्याण के लिए सामूहिक यज्ञ व हनुमान चालीसा पाठ

तुरतुरिया माता मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही समाज के कल्याण और सर्व मानव समाज की मंगल कामना के लिए सामूहिक यज्ञ, पूजन-अर्चन एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आस्था, एकजुटता, अखंडता के साथ मानसिक एवं बौद्धिक विकास तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करना रहा।

### पर्व : भक्तिमय माहौल में गूंजा मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने अन्नपूर्णा मंदिर में मत्था टेका, सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी







छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सिद्ध शक्तिपीठ मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार पहुंचकर श्रद्धापूर्वक तत्था टेका तथा विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के मुख्य पुजारी रविनारायण शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के बीच संपूर्ण विधि-विधान से पूजा संपन्न कराया गया। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक पावन बना दिया।

डॉ. महंत ने बताया कि वे वर्षों से मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार में आते रहे हैं और उनके प्रति उनकी अटूट श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि इस पावन धाम में पहुंचकर उन्हें अद्भुत आत्मिक शांति एवं दिव्य अनुभूति का अनुभव होता है, जिससे उनका मन श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत हो उठता है।

मंदिर के मुख्य पुजारी रविनारायण शर्मा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा देवी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन एवं विधि-विधान से पूजन के लिए पहुंचते हैं। प्रकृति की गोद में स्थित यह पवित्र धाम हर आगंतुक को आध्यात्मिक शांति एवं आत्मिक आनंद की अनुभूति कराता है।

इस अवसर पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, विधायक प्रतिनिधि गुलार सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पंचमी पर माता का हुआ भव्य श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

लवन। चैत नवरात्रि में पंचमी पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार





हुआ। मां के दर्शन के लिए भक्तों की लम्बी लाइन दिनभर मंदिरों में उमड़ी रही। माता का आशीर्वाद दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से सैकड़ों भक्तों की भीड़ ने मन्दिर में रौनकता बढ़ायी। विदित हो कि क्षेत्र की आराध्या देवी आदिशक्ति मां महामाया लवन के मंदिर में सोमवार पंचमी तिथि को भारी भीड़ उमड़ी रही। घण्टों लाइन में लगकर भक्तों ने मां का अदभुत पंचमी श्रृंगार रूप का दर्शन कर सौभाग्य प्राप्त करते हुए नजर आए। हजारों की संख्या में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति की लौ प्रकाश ने भक्तों की निराशा की अंधकार को पल भर में गायब किये, जिसे सभी भक्तों ने अपने अनुभव को मीडिया के सामने साझा करते हुए नजर आए। लवन सहित क्षेत्र की आराध्या देवी माता महामाया के मंदिर में तेल ज्योति कलश की संख्या 2300 अधिक साथ ही घी ज्योति कलश 300 अधिक की संख्या में प्रज्ज्वलित है, जिससे दर्शन करने के मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने वाले भक्तगण अपने अपने परिवार सहित पहुंचकर पुनीत लाभ अर्जित कर रहे हैं। मां की महिमा अपरंपार है, जहां सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।

# पांच दिवसीय गौटीन दाई मेला का ग्रामीणों उठाया लुत्फ



गोपालपुर। पुलिस थाना सरसीवां के अन्तर्गत ग्राम सेमरिया में 19 से 23 मार्च तक पांच दिवसीय गौटीन दाई मेला आयोजित किया गया। यहां गौटीन दाई के मंदिर स्थापित है, उसी देवी की पूजा होती है और उसी देवी के नाम से प्रति वर्ष मेला लगता है। और भीड़ लगा रहता है, ये देवी का मंदिर गिधौरी-सारंगढ़ मेन रोड से महज दो सौ मीटर के दूरी गौटीन दाई देवी के मंदिर है और वहीं पर मेला लगती है। यहां बहुत दूर-दूर से श्रद्धालुओं मेला देखने आते हैं और और जिसको कुछ कष्ट रहता है। वे लोग जमीन लौटते हुए देवी के चरण तक पहुंचे हैं। लोगों का मानना है जिसका जो भी दुख रहता है, पूजा करने पर दूर हो जाता है। आज तक जो भी मन्नत मांगते उनके मनंत पूरी होती है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात्रि कालीन में भंडारा लगा रहता है। व्यापारियों, श्रद्धालुओं सभी लोग पहुंचकर भोजन ग्रहण करते हैं। उक्त मेला में झूला, खेलौना समान, महिला श्रृंगार की दुकान होटल सजा हुआ है, जो देखने में अच्छा सुहावना लगता हैं। यहां रात्रि कालीन में नवरात्रि गीत संगीत चलता है, यहां दूर-दूर के लोग भाग लेते हैं और अपने आप को धन्य करते हैं। यहां पुलिस थाना सरसीवां से पुलिस तैनात रहता है, जो मेला शांति प्रिय ढंग से कायम रहता है। इस मेला में महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों मेला देखकर आनंदित रहते हैं।

### महामाया मंदिर में 43 जोत प्रज्ज्वलित

भाटापारा। ग्राम मोपका में चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां



जगदम्बा की भक्ति आराधना लोग श्रद्धा से कर रहे हैं। वहीं इस वर्ष महामाया मंदिर में कुल 43 जोत प्रज्वलित की गई है, जिसके दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

# दीप सिंह फाऊंडेशन ने शहीद भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहीदी दिवस पर भगत सिंह चौक में श्रद्धांजलि एवं अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा थे। कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के संरक्षक बलवंत सिंह सलूजा एवं सचिव राजा गुबर की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के ज्ञानी निरंजन सिंह द्वारा अरदास की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थितजनों ने शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि दी एवं उनके बलिदान को देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

इस अवसर पर अमरजीत सिंह सलूजा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष से मांग रखी गई कि भगत सिंह चौक, जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में है, उसका नवनिर्माण कर उसे भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाए तथा समाज को समर्पित किया जाए।

कार्यक्रम में अनिल कुमार छाबड़ा, विजय कुमार आनंद, अमरीक सिंह, राजपाल, सतीश राजपाल, मनजीत सिंह छाबड़ा, सौरभ आनंद, अमन चावला, राजा चावला, प्रेम सेठी,मंजीत छाबड़ा, गुरमीत कुमार गुबर, हरप्रीत सलूजा, जोंटी गुबर, गगन आनंद, सनप्रीत छाबड़ा, चिंटू छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# हथबंद में गले मिलकर मनाया गया ईद पर्व

हथबंद। जामा मस्जिद हथबंद में ईद-उल-फित्र का पर्व उत्साह, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मौलाना शाहनवाज आरजू ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश की सुख-शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ मांगी गई। नमाज के उपरांत सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले



मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रेम व सौहार्द का संदेश फैलाया। समाज के युवाओं द्वारा मीठी सेवई और शरबत का भी विशेष प्रबंध किया, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। पर्व के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी टीआई गोकुल प्रसाद पटेल के निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य अंजू बबलू पटेल ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। ईद के मौके पर मुबारक हुसैन, इनायत खान, रज्जाक खान, रसीद खान, ताज खान, अनवर खान, डॉ. इकबाल हुसैन, मुकीम अहमद, हकीम खान, शमीम खान, शाहिद खान, इब्राहिम खान, मोहसिन खान, फैजल खान, रेहान खान, तौसीफ खान, अयफाज खान, यासीन कुरैशी सहित अंचल के बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर में 184 मरीजों की जांच, 84 को मिला नि:शुल्क चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



श्री सीमेंट के सीएसआर के अंतर्गत श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा ग्राम फुंडरडीह में स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों के वजन, ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच के साथ सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त, मांसपेशियों के दर्द, कमजोरी सहित विभिन्न बीमारियों के लिए नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर में कुल 184 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 119 लोगों की विजन स्क्रीनिंग की गई। आंखों की जांच एएसजी हॉस्पिटल रायपुर के तकनीकी सहयोग से आधुनिक मशीनों द्वारा की गई, जिसमें 64 पुरुष और 54 महिलाओं की जांच शामिल रहीं। जांच के बाद 84 जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में ऑक्यूपेशनल स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ऋषभ चौहान और लकेश्वर साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. ऋषभ चौहान ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया। साथ ही एएसजी हॉस्पिटल से डॉ. शोभाराम पटेल और डॉ. विकास यादव ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में जनपद सदस्य प्रवीण धुरंधर, त्रिवेणी वर्मा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र कुमार वर्मा सहित हीरा राम वर्मा, मोजी राम वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, अवध राम यादव, प्रभु राम यादव, गुरु चरण वर्मा, दिलीप यादव, ईश्वर यादव, पवन वर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 501 दीप जलाकर 'जय श्रीराम-जय निषादराज' का उद्घोष

# गुहा निषादराज जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



समीपस्थ ग्राम पंचायत तुलसी के शिवनाथ नदी तट किनारे पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम के प्रिय सखा गुहा निषादराज जयंती पर प्रातः भगवान श्रीराम मां जानकी, लक्ष्मण एवं गुहा निषादराज की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मध्यान्ह समय में श्रीराम चरित मानस का विभिन्न मंडलियों द्वारा गान किया गया। साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ। संध्या समय भगवान श्रीराम, मां जानकी, लक्ष्मण एवं भक्त राज गुहा निषादराज की झांकी सजाकर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गढ़वा बाजा के धुन पर नाचते गाते हुए ग्राम के प्रमुख मार्गो पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जयघोष गूंजते रहे। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निषाद समाज के लोगों के ने शोभायात्रा में पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच चंद्रमणि तिवारी ने भक्त राज गुहा निषादराज जयंती की बधाई देते हुए कहा कि समाज में इसी प्रकार एकता बनीं रहे तब समाज आगे चलकर आगे बढ़ सकता है। समापन पर 501 दीप प्रज्वलित कर दीप से जय श्री राम जय भक्त गुहा निषादराज लिखा गया। श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी व्यवस्था की गई। उक्त अवसर पर सरपंच चंद्रमणि तिवारी, उप सरपंच कांशीराम साहू, समाज के अध्यक्ष कलीराम निषाद, संरक्षक एवं देवान पतंग निषाद, गौंटिया डमम्न निषाद, उपाध्यक्ष अनिल निषाद, कोषाध्यक्ष सरपंच संतुराम निषाद, सचिव उत्तरा निषाद, संचालक आजूराम निषाद, बड़कू निषाद, दिलहरण निषाद, पंचराम निषाद, कांशीराम निषाद, हितेश निषाद, विनोद निषाद, भुलऊ निषाद, थनवार निषाद, संतराम निषाद, रामकुमार निषाद सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

